उत्तर—चार प्रकारकी–प्रकृति, उपादानकाल तथा भाग्य नामकी आध्यात्मिक (भीतरी तत्त्वोंके विषयमें होनेवाली) तथा पांच प्रकारके विषयोंमें उपरति होनेसे पांच प्रकारकी वाह्य ऐसी नौ प्रकार की तुष्टि है। (१) जिसमेंसे प्रकृत्यादिकोंसे भिन्न आत्मतत्त्वके साक्षात्कार से मुक्ति अवश्य होती है परन्तु वह साक्षात्कार प्रकृतिका ही परिणाम होनेसे प्रकृतिसे ही हो जायगा, उसके लिए ध्यानादिकोंकी क्या आवश्यकता है? ऐसा समझकर ध्यानादि यत्न छोड़नेको प्रकृति तुष्टि कहते हैं, जिसकी 'अम्भ' ऐसी भी संज्ञा सांख्यशास्त्रमें कही है। (२) और जिसे केवल प्रकृतिसे ही उक्त साक्षात्कार नहीं हो सकता यदि हो तो प्रकृति के सर्वसाधारण होनेसे सभीको होगा इसलिये संन्यास लेनेसे होगा, ध्यानादिकोंकी क्या आवश्यकता है? ऐसा समझकर या किसीके उपदेशसे जो तुष्टि होती है, उसे उपादान तुष्टि कहते हैं जिसकी 'सलिल' ऐसी शास्त्रमें संज्ञा दी है। (३) और किसीको संन्यास लेने पर भी समय पूर्ण होने पर ही ज्ञानकी सिद्धि मिल सकेगी ऐसे उपदेश से जो तुष्टि होती है उसे काल नामकी तुष्टि कहते हैं, जिसकी सांख्यमें "मेघ" या "ओघ" ऐसा संज्ञा है। (४) समय पूरा हो या न हो भाग्यमें रहने से ही आत्म–साक्षात्कार होता है ऐसा समझ कर भाग्य ही पर भरोसा रखनेसे जो तुष्टि होती है उसे भाग्य नामकी तुष्टि कहते हैं जिसका 'वृष्टि' ऐसा शास्त्रमें नाम रक्खा गया है। ये चार 'प्रकृति भिन्न आत्मा है' ऐसा जान कर आलस्यादि कारणोंसे

भवन्तीत्यतस्ता आध्यात्मिक्य उच्यन्ते इत्यर्थः। (१) प्रवर्धन्त इति वरः पाठः। (२) पीडयन्ति इति।

ध्यानादिक करनेमें प्रवृत्ति न होनेसे तुष्टि होती हैं इस कारणसे इन्हें आध्यात्मिक तुष्टि कहते हैं। इसी प्रकार आत्मासे भिन्न प्रकृत्यादि पदार्थोंको आत्मा समझ कर जो विषयोंसे उपरति (वैराग्य) से बाह्य तुष्टि होती है वह वैराग्यके कारण विषयोंके पांच प्रकारकी है जैसे पांच वैराग्यके विषय हैं उसी तरह उपरति भी अर्जन (पैदा करना), रक्षण (रक्षा करना), क्षय (नाश), भोग (उपभोग) तथा हिंसा (द्रोह) इस प्रकार पांच दोषोंकी दृष्टिसे होती है। इसलिये भी यह तुष्टि पांच प्रकारकी है (१) भीख मांगना, सेवा करना इत्यादि पैदा करनेके उपायोंमें बड़ा दुःख है ऐसा दोष समझ कर जो सन्तोष होता है उसे प्रथम 'पार' नामक तुष्टि कहते हैं। (२) किसी तरह पैदा किये धन-संपत्तिकी चोर, डाकू इत्यादिकोंसे रक्षा करनेमें भी बड़ा कष्ट है यह दोष देख कर जो सन्तोष होता है उसी 'सुपार' नामकी तुष्टि कहते हैं। (३) किसी प्रकार रक्षा किये धनका भोगसे क्षय हो जायगा इस प्रकार विनाश दोष–दृष्टिसे जो तुष्टि होती है उसे 'पारापार' ऐसा कहते हैं। (४) तथा विषयोंके भोगसे और भी तृष्णा बढ़ती जाती है और उनके न मिलनेसे कामी पुरुषको नाना प्रकारका दुःख ही होता है इस प्रकार भोगमें दोष–दृष्टिसे जो तुष्टि होती है उसे 'अनुत्तमांभ' (५) तथा विना प्राणियोंके घात और डाहके विषयोंका भोग होना कठिन है इस प्रकार हिंसादोषके विचारसे जो सन्तोष होता है उस पांचवीं तुष्टिको 'उत्तमाम्भ' ऐसा कहते हैं ॥ ५० ॥

अष्ट सिद्धीराह—

ऊहः शब्दोऽध्ययनं दुःखविघातास्त्रयः सुहृत्प्राप्तिः ।
दानं च सिद्धयोऽष्टौ सिद्धेः पूर्वोऽङ्कुशस्त्रिविधः ॥ ५१ ॥

ऊह इति। [1]ऊहो विचारसामर्थ्यम्, विशेषदर्शनमिति (१)यावत्। शब्दः[2] क्रियाकारकभावापन्नपदसमुदायव्युत्पत्तिः। अध्ययनं[3] गुरुमुखतः शास्त्रार्थज्ञानम्। दुःखविघाता दुःखशमनोपायास्त्रय[4] इति, दुःखानां (२) त्रित्वात् शमनोपायानामपि त्रित्वम्। सुहृत्प्राप्तिः[5] (३) आध्यात्मिकजनसङ्गः। दानं दैष्

(१) आगमाविरोधिन्यायेनागमार्थपरीक्षम्, परीक्षणं च संशयपूर्वपक्षनिरानोसेत्तरपक्षव्यवस्थापनं यन्मननमाचक्षते इति मिश्राः। (२) आध्यात्मिकाधिदैविकाधिभौतिकभेदेनेत्यर्थः। (३) आध्यात्मिका जना ज्ञानिनः सुहृदादयस्तेषां

शोधने इति धातोर्बाह्याभ्यन्तरशौचम् (१)। सिद्ध्यत्यनयेति सिद्धिः। तत्रदुःख-विघातसिद्धिः फलत्वान्मुख्या, अन्यास्तु पञ्च तत्साधनत्वाद् गौण्य इति विवेकः (२)। तत्रोहादेः संज्ञाविशेष आकरे (३) तथा 'तारतारसुतारप्रमोदमुदित-मोदमानरम्यकसदामुदिताख्याः सिद्धय इति।

असामुपादेयत्वं विपर्ययाशक्तितुष्टीनां तु हेयत्वं ज्ञापयिष्यन्नाह सिद्धेः पूर्वोऽकुंशस्त्रिविध इति। पूर्वः पूर्वोक्तो विपर्ययाशक्तितुष्टिरूपस्त्रिविधः सिद्धेरकुंशः, कारणविघटनादिद्वारा निवारकः, अतः सिद्धिपरिपन्थित्वादकुंश इव (४), इति विपर्ययाशक्तितुष्ट्यो हेया एवेति भावः॥ ५१॥

हिंदी—प्रश्न—आठ प्रकारकी सिद्धियोंके भेद कौनसे हैं?

उत्तर—ऊह, शब्द, अध्ययन तथा तीन प्रकारके दुःखोंका विघात, सुहृत्प्राप्ति तथा दान ऐसी आठ सिद्धियां हैं। जिनमेंसे आध्यात्मिकादि त्रिविध दुःखोंकी विघात रूप तीन सिद्धियां मुख्य फल होनेसे मुख्य सिद्धियां हैं और बांकी पांच उनका साधन होनेसे गौण हैं। जिनमें विना उपदेशादिके पूर्वजन्मके अभ्यास के बलसे स्वयं विचारसामर्थ्य रूप सिद्धिको ऊह कहते हैं। जो दूसरेके सांख्य-शास्त्रके पाठको सुनकर क्रियाकारकादिरूप पदसमुदायात्मक शब्दसे ज्ञान प्राप्त होता है उसे शब्द सिद्धि, तथा गुरुमुखसें शास्त्रके अर्थका ज्ञान होना अध्ययन नामकी सिद्धि कहलाती है। तथा दुःखविघातरूप सिद्धियां दुःखके तीन होनेसे तीन प्रकारकी हैं, यह प्रसिद्ध ही है। ज्ञानी मित्रकी प्राप्तिसे ज्ञान प्राप्त होता है इसलिए सुहृत्प्राप्ति तथा 'दैप् शोधने' इस धात्वर्थके अनुसार विवेक ज्ञानसे बाह्य तथा आभ्यन्तर शुद्धि अथवा धनदानसे भी ज्ञानी प्रसन्न होकर दान देता है इसलिये दान भी एक सिद्धि है। परन्तु वाचस्पति मिश्रने इन गौण पांच सिद्धियोंमें भी कारण–कार्य भावके अनुसार पहिले अध्ययन सिद्धि जो अक्षर–ज्ञानरूप है तथा उससे होने वाले अर्थज्ञानरूप शब्द सिद्धिका उसके बाद वर्णन कर बाद में ऊह की सिद्धि कही है, जिनमें पहिली दो श्रवण और ऊहको मनन कहा है और इनके बाद गुरु इत्यादि ज्ञानी मित्रकी प्राप्ति और अन्तमें विवेक-ज्ञानकी शुद्धिरूप दान सिद्धि कही है।

सञ्ज्ञाज्ज्ञानाधिगमो भवतीति भावः। (१) विवेकज्ञानशुद्धिरिति मिश्राः। (२) मिश्रमतेनेदं बोध्यम् न गौडपादमते। (३) भाष्ये। (४) निबारक इति पूर्वेणानुपञ्चनीयम्।

इन आठ सिद्धियोंकी कारिकोक्त क्रमसे तार १ सुतार २ तारतार ३ प्रमाद ४ मुदित ५ मोदमान ६ रम्यक ७ तथा सदामुदित ८ ऐसी सांख्य शास्त्रमें संज्ञायें बतलाई हैं। पूर्वोक्त चार प्रकारके विपर्ययादि बुद्धिसर्गोंमेंसे सिद्धिको छोड़ कर विपर्यय, अशक्ति तथा तुष्टि ये तीनो मुमुक्षुको त्याज्य हैं क्योंकि सिद्धिकी प्राप्तिमें प्रतिबन्धक हैं और सिद्धि ही ग्राह्य है ॥ ५१ ॥

ननु भोगो विषयमन्तरेण न भवतीत्याकाशादिसर्ग एवास्तु कृतं महदाद्यतीन्द्रियसर्गेण तत्राह—

न विना भावैर्लिङ्गं न विना लिङ्गेन भावनिर्वृत्तिः ।
लिङ्गाख्यो भावाख्यस्तस्माद् द्विविधः प्रवर्तते सर्गः ॥५२॥

न विना भावैरिति । भावैः प्रत्यक्षैर्विषयैर्विना लिङ्गं महदाद्यतीन्द्रियवृन्दं न भोगसाधनमित्यर्थः । लिङ्गेन महदादिना विना भावनां विषयाणां न निर्वृत्तिः = न भोगसाधनत्वम् । अयमभिप्रायः—नहि विषयः स्वरूपतो भोगहेतुः सर्वेषां सर्वविषयभोगापत्तेः, अपितु ज्ञात एव, ज्ञानं चेन्द्रियान्तःकरणैर्विना (१) नेत्युभयस्वीकारः, तस्माद् द्वयोरप्यावश्यकत्वात् लिङ्गाख्यः = लिङ्ग्यत एव नतु साक्षात्क्रियत इति लिङ्गं महदाद्यतीन्द्रियवर्गः, भावाख्यः = भूयते प्राप्यतेऽर्थादिन्द्रियेणेति विषयवर्गः प्रत्यक्षसिद्धः ॥ ५२ ॥

हिंदी—प्रश्न—भोगरूप पुरुषार्थ विना विषयोंके नहीं हो सकता इसलिये आकाशादि पांच जड़ पदार्थों की सृष्टि मानना ठीक है परन्तु प्रकाशरूप अतीन्द्रिय महत्तत्त्वादि अतीन्द्रिय पदार्थोंकी सृष्टि क्यों मानी जाय ?

उत्तर—विना भाव–विषयोंके लिङ्ग–महत्तत्वादि अतीन्द्रिय पदार्थमें भोगके साधन नहीं हो सकते और महत्तत्वादि लिङ्ग पदार्थों के विना विषयोंमें भोग साधनता नहीं आसकती अर्थात् विषय केवल अपने स्वरूपसे भोगके साधक नहीं हो सकते, यदि ऐसा हो तो सबको सब विषयोंके भोग होने लगेंगे, इसलिये विषयों का ज्ञान ही भोगका साधन मानना पड़ेगा और वह ज्ञान विना इन्द्रिय, अन्तःकरण इत्यादि अतीन्द्रिय पदार्थोंके हो नहीं सकता, इस लिये दोनोंकी आवश्यकता होनेसे अनुमति महत्तत्त्वादि पदार्थोंका सृष्टि तथा इन्द्रियोंसे प्रत्यक्ष होनेवाले भाव–आकाशादि भूत पदार्थोंकी भी सृष्टि मानी गयी है ॥५२॥

---

(१) भोगश्च विषयैर्विना नेत्यत्र पूरणीयम् ।

भौतिकसर्गविभागमाह—

अष्टविकल्पो दैवस्तैर्यग्योनश्च पञ्चधा भवति ।
मानुष्यश्चैकविधः समासतो भौतिकः सर्गः ॥ ५३ ॥

अष्टविकल्प इति । ब्राह्म[1]प्राजा[2]पत्यैन्द्र[3]पित्र्य[4]गान्ध[5]र्वयाक्ष[6]राक्ष[7]सपैशा[8]च भेदादष्टविधो दैव इत्यर्थः । तैर्यग्योन इति । पशुपक्षिसर्पकीटस्थावरभेदात् (१) पञ्चविध इत्यर्थः । मानुष्यश्चैकविधः, समासत :–(२) ब्राह्मणत्वाद्यवान्तर-जातिभेदाविवक्षयेति । भौतिको दैहिकः, तेन घटादिनिरासः । (३) केचित्तु घटादेः स्थावरेऽन्तर्भावं वदन्ति ॥ ५३ ॥

हिंदी—प्रश्न—भौतिक सृष्टि कितने प्रकार की है ?

उत्तर—१ ब्राह्म २ प्राजापत्य ३ ऐन्द्र ४ पैत्र ५ गान्धर्व ६ याक्ष ७ राक्षस तथा ८ पैशाच ऐसे आठ प्रकारकी देवजातिकी सृष्टि तथा पशु (चौपायें—गाय आदि) पक्षि (पंख वाले गीध आदि) सरीसृप (सरकने वाले सांप आदि) कीट (कीड़े, मकोड़े आदि) तथा स्थावर (एक जगह रहने वाले पेड़ इत्यादि) ऐसे पांच प्रकारकी तिर्यग्योनियोंकी सृष्टि, और एक प्रकारकी मनुष्योंकी (१) सृष्टि ऐसी संक्षेपसे सब मिलाकर चौदह प्रकारकी भौतिक सृष्टि मानी गई है ॥

भौतिकस्य विशेषमाह (४)

ऊर्ध्वं सत्त्वविशालस्तमोविशालश्च मूलतः सर्गः
मध्ये रजोविशालो ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तः ॥ ५४ ॥

ऊर्ध्वमिति । भूलोकादूर्ध्वं सत्त्वविशालः सत्त्वबहुलः, तत्रत्येषु रजस्त-मसोः सत्त्वेऽपि सत्त्वाधिक्यश्रवणात् । मूलतोऽधःपतनशीलस्तैर्यग्योनस्तमो-

---

(१) ब्राह्मण, क्षत्रिय, इत्यादि अवान्तर भेदोंको हाथ—पैर इत्यादि अव-यवरचना समान होनेसे अलग नहीं कहा है ।

---

(१) पशुमृगपक्षिसरीसृपस्थावरभेदात् इत्यन्ये । (२) संक्षेपतस्त्रिविधोऽयं भूतसर्ग इत्यन्ये । (३) मिश्राः । इति चतुर्दशभूतानीति गौडपादाः । (४) भौति-कस्यास्य सर्गस्य चैतन्योत्कर्षतारतम्याभ्यामूर्ध्वाधोमध्यभावेन त्रैविध्यमाहेति मिश्राः । त्रिलोक्यां गुणत्रये कुत्र कस्याधिक्यमित्युच्यते इति गौडपादाः ।

विशालस्तमोवहुलः, तेषु सत्त्वरजसोः सत्त्वेऽपि तमस आधिक्योपलब्धेः । मध्ये भूलोके रजोविशालः सत्त्वतमसोः सत्त्वेऽपि धर्माधर्मप्रवृत्तिपरत्वदर्शनेन रजस आधिक्यकल्पनात् । (१) ब्रह्मादीति । सोऽयं ब्रह्मादिस्तम्बपर्यन्तः सर्गो लोक-भेदेनैवंसंस्थितिक इत्यर्थः । स्तम्बः (२) स्थावरः ।। ५४ ।।

हिंदी—प्रश्न—इस चौदह प्रकारकी विस्तृत भौतिक सृष्टिका संक्षेप क्या है ?

उत्तर—आठ प्रकारकी जो दैव—सृष्टि भूलोक से ऊपरी स्वर्गादि लोकमें है वह सत्वविशाल है, अर्थात् रज तथा तमके रहने पर भी उसमें सत्त्वगुण अधिक है, और नीचे गिरने वाली तिर्यग्योनिकी पांच जातियों में सत्त्व तथा रज के रहने पर भी तमोगुणकी अधिकताके कारण तमोगुण वहुत है, तथा भूलोकमें रहने-वाली एक प्रकारकी मनुष्य जातिकी सारी सृष्टिमें सत्त्व तथा तमके रहने पर भी धर्माधर्ममें अधिकतर प्रवृत्ति होनेके कारण रजोगुण अधिक होनेसे रजोगुण अधिक है । इसमें ब्रह्मासे लेकर वृक्षादिकों तक सारी सृष्टिका निवेश संक्षेपसे आजाता है, अर्थात् लिङ्ग—सृष्टि और सूक्ष्म तन्मात्रा सृष्टि ऐसी दो प्रकारकी अभौतिक सृष्टि तथा पूर्वोक्त १४ प्रकारकी भौतिक सृष्टिका इसमें संग्रह होता है ।। ५४ ।।

तदेवं सर्गं दर्शयित्वा तस्यापवर्गसाधनवैराग्योपयोगिनीं दुःखतामाह—

तत्र जरामरणकृतं दुःखं प्राप्नोति चेतनः पुरुषः ।
लिङ्गस्याविनिवृत्तेस्तस्माद् दुखं स्वभावेन ।। ५५ ।।

तत्र जरामरणेति । यतः पुरुषः स्वयं चेतनोऽपि तत्र लोकत्रयाख्ये सर्गे जरामरणकृतं दुःखं प्राप्नोति, तस्माद् दुखं स्वभावेन=स्वत एव सर्गो दुःखरूपः, विवेकिनामिति शेषः, यथाह भगवान् पतञ्जलिः—'परिणामताप-संस्कारदुःखैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च दुःखमेव सर्वं विवेकिन' इति । (३) अत्र परिणामपदेन जरादिदुःखं बोध्यम् , तापपदेन 'मा न भूवं हि भूयास'-मिति मरणत्रासदुःखं बोध्यम्, संस्कारपदेन पुनर्जननादिदुःखं बोध्यम् । कियन्तं

(१) तामिमां लोकसंस्थितिं सङ्क्षिपति ब्रह्मादीति । (२) वृक्षादिः । (३) परिणामेत्यादियोगसूत्रं व्याचष्टे अत्रेति ।

कालं दुःखं प्राप्नोति तदाह (१) लिंगस्याविनिवृत्तेः, यावल्लिङ्गं महदादि न निवर्तते तावत्, ज्ञानेन लिङ्गस्य निवृत्तौ तु मोक्षमधिगच्छतीति भावः ॥५५॥

परन्तु हे शिष्यो ! इस प्रकारकी सारी सृष्टि दुःखदायक है ऐसा जाननेसे मुक्तिमें उपयोगी वैराग्यरूप साधन उत्पन्न होता है, क्योंकि चेतन-प्रकाशरूप भी आत्मा पूर्वोक्त चतुर्दश लोकसृष्टि या शरीरादिकोंमें वृद्धावस्था, मरण इत्यादिकोंसे महत्तत्वादि लिङ्गोंकी निवृत्ति न होनेके कारण या जबतक इनकी निवृत्ति नहीं होती तब तक-अनेक प्रकारके दुःखोंको प्राप्त करता है, इसलिये स्वभावतः सृष्टिमें दुःख ही है अर्थात् ज्ञानियोंके लिये सारा संसार दुःखरूप है, इसीलिये योगदर्शनमें कहा है "परिणामतापसंस्कारदुःखैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च सर्वमेव दुःखं विवेकिनः" ॥ अर्थात् बुढौतीके दुःखसे तथा मरणके दुःखसे और बार २ जन्म लेनेके दुःखसे भी ज्ञानीके लिये सारा जगत् दुःखमय है ॥ ५५ ॥

सर्गस्य (२) प्रकृतिमात्रारब्धत्वं वक्तुमुपसंहरति—

इत्येष प्रकृतिकृतो महदादिविशेषभूतपर्यन्तः ।
प्रतिपुरुषविमोक्षार्थं स्वार्थ इव परार्थ आरम्भः ॥ ५६ ॥

इत्येष इति । इतीत्युपसंहारे, एष = महदादिविशेषभूतपर्यन्तः, प्रकृतिकृतः = प्रकृत्यैवोक्तरीत्या कृतः, नेश्वरेण न वाऽदृष्टेनेत्यर्थः, विशेषभूतं पृथिवी । अयमभिसन्धिः (३) धर्मसापेक्षत्वनिरपेक्षत्वविकल्पग्राहग्रस्तत्वान्मानाभावाच्च नेश्वरः कारणम्, नाप्यदृष्टम्, कार्यस्य कारणत्वायोगात्, प्रलयकालीनानारम्भकपरमाण्वादिक्रियादौ (४) व्यभिचारेण कार्यमात्रेऽदृष्टादीनामकारणत्वाच्चेति दिक् । अचे-

---

(१) कुतः पुनर्लिङ्गसम्बन्धि दुःखं पुरुषस्य चेतनस्येत्यत आह लिङ्गस्येति । पुरुषाद्भेदाग्रहाल्लिङ्गधर्मानात्मन्यध्यवस्यति पुरुष इत्यर्थ इति वाचस्पतिमिश्राः । (२) अनेन सर्गकारणविप्रतिपत्तिनिरासः सूचितः । (३) धर्मेति । अत्र धर्मपदमदृष्टवाचकन्तथा चेश्वरोऽदृष्टमपेक्ष्य सर्गं विदधात्यनपेक्ष्य वा ? आद्येऽदृष्टेनैव जगत्सर्गसम्भवे कृतमीश्वराधिष्ठानेन स्वमतेऽचेतनस्यापि प्रवृत्तेस्साधयिष्यमाणत्वात् निर्धर्मकस्य क्रियाशून्यत्वेनाधिष्टातृत्वासम्भवाच्च, अन्त्ये जगद्वैचित्र्यानुपपत्तिरिति विकल्पद्वयरूपग्राहग्रस्तत्वात्साङ्ख्यप्रक्रियायामीश्वरसत्ताङ्गीकारे प्रमाणाभावाच्चेत्यर्थः । (४) तदा जीवाभावेनादृष्टस्य जन्यस्यासम्भवाद्व्यभिचारेणे-

तनत्वेन स्वप्रयोजनाभावात् एष आरम्भः परार्थं एव। ननु कस्यार्थे आरम्भस्तत्राह प्रतिपुरुषेति। प्रत्येकपुरुषस्येत्यर्थः। अत्र भोजयितुमिति विहाय विमोक्षार्थमित्युक्तिस्तु एकस्य मोक्षेऽपि सर्गस्य नाशो नास्ति (१) सर्वसाधारणत्वादिति ज्ञापनाय, अत एव प्रतिपुरुषेत्युक्तम्, आह चैवं समानतन्त्रे भगवान् पतञ्जलिः—'तदर्थ एव दृश्यास्यात्मा, कृतार्थं प्रति नष्टमप्यनष्टं तदन्यसाधारणत्वा'दिति। परार्थारम्भे न कोऽपि विवाद इत्याह स्वार्थ इवेति। यथाऽन्यो जनः स्वार्थे प्रवर्तते तथैवास्य परार्थ आरम्भो घटत एव, प्रयोजनवत्त्वमात्रस्य प्रवृत्तिमूलत्वादित्यास्तां विस्तरः ॥ ५६ ॥

हिंदी—परन्तु महत्तत्त्वसे लेकर महाभूत पर्यन्त यह सारी सृष्टि साङ्ख्यमतसिद्ध प्रकृतिहीसे बनी न ईश्वरसे न ब्रह्मसे, या अकारण भी नहीं है, अकारण माननेसे इस सृष्टिकी सदा सत्ता ही रहेगी, या सदा अभाव ही। अपरिणामी होनेसे ब्रह्मा का कार्य भी सृष्टिको नहीं माना जा सकता। ईश्वरको शरीर न होनेसे व्यापार के बिना 'ईश्वर भी अपने अधिष्ठानसे प्रकृतिके द्वारा जगतको बनाता है' यह भी नहीं हो सकता, क्योंकि देखने में आता है कि बिना हाथ–पैर चलाये बढ़ई भी कुल्हाड़ीसे लकड़ीको काट नहीं सकता।

प्रश्न—यदि केवल प्रकृतिसे सृष्टि बनती हो तो उसके सदा ही प्रवृत्ति स्वभाव होनेसे सदा ही सृष्टिके रहनेसे किसीकी कभी मुक्ति न होगी ?

उत्तर—जिस प्रकार भात चाहने वाला भात तैयार करनेके लिये रसोई बनानेमें प्रवृत्त होकर भात तैयार होने पर उसे खाकर क्षुधासे निवृत्त होता है उसी तरह हर एक पुरुषको भोग देकर मुक्त करनेके लिये प्रवृत्त हुई प्रकृतिभी जिस पुरुषको मुक्त कर देती है उस पुरुषके लिये फिर भोग देनेके लिये प्रवृत्त नहीं होती अर्थात् प्रकृतिकी प्रवृत्ति स्वार्थके समान केवल परार्थ–पुरुषके लिये ही है ॥ ५६ ॥

नन्वचेतनायाः प्रकृतेः कथं (२) प्रवृत्तिस्तत्राह—

वत्सविवृद्धिनिमित्तं क्षीरस्य यथा प्रवृत्तिरज्ञस्य ।

त्यर्थः। (१) प्रकृतेरित्यादि।

(२) तथा च प्रवृत्तिः चेतनप्रयुक्ता प्रवृत्तित्वान्मत्प्रवृत्तिवदित्यनुमानेन

पुरुषविमोक्षनिमित्तं तथा प्रवृत्तिः प्रधानस्य ॥ ५७ ॥

वत्सेति । अन्वयव्यतिरेकाभ्यां वत्सविवृद्ध्यादिप्रयोजनेनैवाचेतनस्य क्षीरादेः प्रवृत्तिदर्शनात् प्रवृत्तिर्न चेतननियता किन्तूद्बुद्धादृष्टमात्रसाध्या, अतस्तद्वदेवाचेतनाया अपि प्रकृतेः पुरुषविमोक्षार्थं प्रवृत्तौ न किञ्चिद्बाधकमिति भावः । न च क्षीरप्रवृत्तेरपीश्वराधिष्ठाननिबन्धनतया प्रवृत्तेश्चेतननियतत्वमव्याहतमेव, तथा च (१) कथमिति वाच्यम् । ईश्वरे प्रमाणाभावात्, प्रामाणिकत्वेऽप्याप्तकामस्य प्रयोजनं विना प्रवर्तकत्वायोगात् । न च कारुण्यादिति वाच्यम् । सर्गात् प्राग् जीवानां दुःखित्वासम्भवेन दुःखनिवृत्तीच्छारूपकारुण्यस्यापि तस्मिन्नसम्भवात्, तस्मात् स्वयमचेतनापि प्रयोजनेनैव क्षीरादिवत् प्रवर्तत इति सिद्धम् ॥ ५७ ॥

हिंदी—प्रश्न—जड़ होने से प्रकृतिकी स्वयं प्रवृत्ति कैसे होगी ?

उत्तर—जैसे जड़ होनेपर भी गायके थनसे दुग्धकी बछड़ेके जीने तथा बढ़नेके लिये ही स्वयं प्रवृत्ति होती है अर्थात् दूध गायके थनसे खुद बहने लगता है, उसी तरह जड़ प्रकृतिकी भी हरएक पुरुषके संसार-बन्धनसे छुड़ानेके लिये भी स्वयं प्रवृत्ति होती है ऐसा माननेमें कोई बाधक नहीं है ।

प्रश्न—दूधकी प्रवृत्ति भी ईश्वर ही के प्रेरणासे होती है इसलिए विना चेतन के अधिष्ठानके प्रकृतिकी प्रवृत्ति नहीं हो सकती इसलिए ईश्वर मानना आवश्यक है ?

उत्तर—यह प्रश्न ठीक नहीं है क्योंकि परिपूर्ण कामनावाला ईश्वर बिना प्रयोजन के सृष्टि करनेमें प्रकृतिको क्यों प्रवृत्त करेगा, सृष्टिके पहिले जीवोंको शरीरादिक न होनेसे दुःख न हो सकनेके कारण उसके हटानेके लिये ईश्वर करुणासे सृष्टि करानेमें प्रवृत्त होता है यह भी नहीं कहा जा सकता । परिपूर्णकाम होनेसे उसका कोई स्वार्थ भी सृष्टि करनेमें प्रयोजक नहीं हो सकता इसलिए जड़भी प्रकृति पुरुषार्थरूप प्रयोजनसे क्षीरादिकोंके समान प्रवृत्त होती है यही मानना उचित है ॥ ५७ ॥

प्रवर्तकचेतनस्यावश्यकतया जीवस्याधिष्ठेयविभुस्वरूपानभिज्ञत्वेन प्रकृतिप्रवर्तकत्वासम्भवादीश्वराधिष्ठानैव सा वाच्येति पूर्वपक्षाशयः । (१) ईश्वराधिष्ठानं विना स्वत एव प्रकृतिप्रवृत्तिः कथमित्याक्षेपाशयः ।

ननु प्रयोजनमुद्दिश्यैव (१) प्रवृत्तिर्दृष्टा न चास्यास्तदस्ति, तत्राह—

औत्सुक्यनिवृत्त्यर्थं यथा क्रियासु प्रवर्तते लोकः ।

पुरुषस्य विमोक्षार्थं प्रवर्तते तद्वदव्यक्तम् ॥ ५८ ॥

औत्सुक्येति । औत्सुक्यमिच्छा यथेयं मया सम्भोक्तव्येति, तन्निवृत्त्यर्थं रत्यादिक्रियासु प्रवर्तते लौकिकः, अनिवृत्ताया इच्छाया दुःखदत्वात्, सा च विषयसिद्धावेव निवर्तत इति सैव फलम्, एवमव्यक्तं प्रधानमपि पुरुषार्थो मया कर्तव्य इतीच्छायां पुरुषविमोक्षरूपफलार्थं प्रवर्तते, तत्सिद्धिं विना तादृशेच्छाया अनिवृत्तेः, अनिवृत्तायाश्चानिष्टत्वात् (२), तथा च स्वार्थमुखेनैव (३) परार्थारम्भ इति न कोऽपि दोष इत्यास्तां विस्तरः ॥ ५८ ॥

हिंदी—प्रश्न—चेतनके समान जड़में प्रयोजनके उद्देशसे प्रवृत्ति कैसे होगी, क्योंकि विना प्रयोजन किसीकी प्रवृत्ति नहीं होती ?

उत्तर—जैसे अपनी भात खानेकी उत्कट इच्छाको दूर करनेके लिये मनुष्य रसोई बनानेमें प्रवृत्त होता है, वैसे प्रकृतिभी मुझे पुरुषार्थ करना है ऐसी इच्छा होनेपर उससे निवृत्त होनेके लिए पुरुषके मुक्तिरूप फलके लिए प्रवृत्त होती है, क्योंकि उसके सिद्धिके विना उस इच्छाकी निवृत्ति नहीं हो सकती, इसलिए केवल परार्थ से ही प्रकृतिकी प्रवृत्ति होती है ॥ ५८ ॥

ननु भवतुप्रवृत्तिः प्रकृतेर्निवृत्तिस्तु कथम्, तथा च पुरुषस्यानिर्मोक्ष एव स्यादत आह—

रङ्गस्य (४) दर्शयित्वा निवर्तते नर्तकी यथा नृत्यात् ।

पुरुषस्य तथात्मानं प्रकाश्य विनिवर्तते प्रकृतिः ५९ ॥

रंगस्येति । रङ्गपदं स्थानिपरम्, तथा च यथा नर्तकी सुप्रीता हावभावली-

---

(१) प्रयोजनमनुद्दिश्य 'मन्दोऽपि न प्रवर्तते' इति न्यायात् । अस्या जडायाः प्रकृतेः । (२) दुःखदत्वात् । (३) इच्छानिवृत्तिरूपस्वार्थद्वारैवेत्यर्थः, अस्मिन्पक्षे जडप्रकृताविच्छा कथं स्यादिति चिन्त्यम् । वस्तुतः पुरुषो भोगमनु मुच्यतामिति य इष्यमाणो मोक्षः परार्थस्तदर्थमेव प्रकृतिप्रवृत्तिरिति न कोऽपि दोषः । (४) अत्र रङ्गस्य पुरुषस्येति च कर्मणि षष्ठ्यी ।

लाविलासवती विविधालङ्कारशोभिता नृत्यगीतादिभिरात्मनं रङ्गस्यस्य सम्यादेर्दर्शयित्वा दृष्टाहमनेनेति कृतप्रयोजना धनप्राप्त्या निवर्तते, एवं प्रकृतिर्बुद्धयादिसुखदुःखान्तर्भविनात्मानं पुरुषस्य प्रकाश्य (१) त्वमन्योऽहमन्येति विवेकतो निवर्तते असंयुक्ता भवति, तथानिवृत्तिकः पुरुषो मोक्षमधिगच्छति ॥ ५९ ॥

हिन्दी—प्रश्न—इस प्रकार प्रवृत्ति होने पर भी निवृत्ति कैसे होगी यदि न हो तो पुरुष का मोक्ष न होगा ?

उत्तर—जैसे नचनी समासदोंको हावभावके साथ नाच दिखानेके बाद इनाम पाकर स्वयं नाच दिखानेसे निवृत्त हो जाती है, वैसे ही प्रकृति भी सुख-दुःखादि भोगके द्वारा पुरुषको अपना स्वरूप दिखाकर 'तू मुझसे भिन्न है, मैं मुझसे भिन्न हूं' इस प्रकारके विवेक-ज्ञान होने पर स्वयं निवृत्त हो जाती है जिससे वह पुरुष प्रकृतिसम्बन्धके छूटनेसे मुक्त हो जाता है ॥ ५९ ॥

ननु परार्थं प्रत्युपकारसम्बन्धेन प्रवृत्तिर्दृश्यते, नहि पुरुषात् कश्चित् प्रत्युपकारः प्रकृते (२) रत आह—

नानाविधैरुपायैरुपकारिण्यनुपकारिणः पुंसः ।
गुणवत्यगुणस्य सतस्तस्यार्थमपार्थकं चरति ॥ ६० ॥

नानाविधैरिति । गुणवती प्रकृतिरत एवोपकारिणी पुंसः पुरुषस्य द्रष्टुरगुणस्य सच्चित्स्वभावकतया गुणातीतस्यात एवानुपकारिण उपकारासमर्थस्य नानाविधैर्महदहङ्कारेन्द्रियमनःप्रभृतिभिरु (३) पायैरर्थं प्रयोजनमपार्थकं स्वीयप्रयोजनशून्यमेव चरति, आचरति, स्वभाव एवायं गुणवतां यदनुपकारिण्यप्युपकारकरणम्, अतः परार्थं प्रत्युपकारसम्बन्धेनैव प्रवृत्तिरिति न नियमो व्यभिचारादित्यास्तां विस्तरः ॥ ६० ॥

हिंदी—प्रश्न—परार्थं कार्य करनेमें भी अपना कोई स्वार्थ होता है परन्तु

---

(१) पुरुषाय प्रकाश्य भोगं दत्वा विवेकख्यात्यात्मकं प्रकाशं च कृत्वा, निवर्तत इत्यर्थः, इदमेवाह त्वमिति । (२) अयमाक्षेपाभिप्रायः—क्रियते हि गुणवद्भ्यामुभाभ्यां स्वस्वगुणैर्मिथ उपकारः, यथा नर्तकी नृत्येन दर्शकश्च पारितोषिकदानादिना, नैवमत्र सम्भवति, प्रकृतेरेव गुणवत्त्वात् पुरुषस्य चात्यन्तं निर्गुणत्वात्, अतः पुरुषः केन गुणेनोपकरिष्यतीति । (३) उपायैः स्वपरिणामविशेषैः ।

आत्मा से तो प्रकृतिका प्रत्युपकार (उपकारका बदला) देखनेमें नहीं आता ?

उत्तर—सत्त्व, रज, तमोगुण वाली अत एव परोपकारिणी प्रकृति सच्चित् स्वभाव होनेसे निर्गुण, इसलिये उपकार करनेमें असमर्थ ऐसे पुरुषके भोग तथा अपवर्ग रूप प्रयोजनको महत्तत्त्वादि रूप साधनोंसे विना अपने किसी स्वार्थ ही के किया करती है, अर्थात् गुणवानोंका यह स्वभाव ही है कि वे उपकारका बदला न चाहते हुए भी परोपकार किया करते हैं, इसलिये यह कोई नियम नहीं है कि स्वार्थके लिये ही उपकार किया जाता है ॥ ६० ॥

स्यादेतत्, नर्तकी नृत्यं सभ्येभ्यो दर्शयित्वा धनप्राप्तचा निवृत्तापि पुनः कुतूहलात् पवर्तते यथा, तथा प्रकृतिरपि पुरुषायात्मानं दर्शयित्वा विवेकेन निवृत्तापि पुनः प्रवत्स्यंतीत्यत आह—

प्रकृतेः सुकुमारतरं न किञ्चिदस्तीति मे मतिर्भवति ।
या दृष्टाऽस्मीति पुनर्न दर्शनमुपैति पुरुषस्य ॥ ६१ ॥

प्रकृतेरिति । सुकुमारतरं (१) सलज्जम् दृष्टाऽस्मीति कृत्वा तुनः पुरुषस्य दर्शनं नोपैति दृष्टिविषया (२)न भवति, यथा कदाचित् कुलस्त्री युवती साध्वी द्वारावस्थितपुरुषेण रहसि वा गतेन दृष्टा सा व्रीडायमाणा त्वरितमन्तःप्रविशति, दृष्टाऽहमनेनेत्येवमवबुध्य(३) न दर्शनमुपैत्यन्यपुरुषस्य, एव प्रकृतिः परात्मना पुरुषेण यदा ज्ञानचक्षुषा दृष्टा सा व्रीडायमाना(४) कुलस्त्रीवत् पुनर्दर्शनं नोपैति पुरुषस्य, विवेकख्यातेरेव तत्प्रवृत्तिप्रतिबन्धकत्वादिति भावः ॥ ६१ ॥

हिन्दी—प्रश्न—जैसे नचनी नाच दिखानेके बाद इनाम पाकर उस समय नाचना छोड़ देती है पर फिर भी देखने वालोंकी इच्छा होनेसे नाचनेमें प्रवृत्त होती है वैसे प्रकृति भी पुरुषको विवेकसे अपनेको दिखाने के बाद फिर क्यों न दिखायेगी, अर्थात् निवृत्त होनेपर भी उस पुरुषके लिये फिर प्रवृत्त क्यों न होगी ?

उत्तर—जैसे कोई पतिव्रता युवती कुलाङ्गना असावधानी से माथेपरका आंचल गिरनेके कारण पराये मर्दसे एकबार देखली जाय तो वह लज्जासे नीचे

---

(१) प्रकृत्यपेक्षयेत्यादिः, नास्तीति मे मतिर्भवतीत्यन्वयः । (२) विषयभूता इत्यर्थः, तत्र दृष्टान्तमाह यथेति । (३) ज्ञात्वा । (४) व्रीडामयमाना इति योग्यः पाठः ।

मुखकर हटजाती है और फिर इस प्रकार सावधान रहती है कि जिससे उसे फिर पराया मर्द देख न सके, वैसे ही अत्यन्त सुकुमार प्रकृति भी परात्मा पुरुषसे ज्ञान दृष्टिसे एकवार भोगापवर्गके समय देखी हुई फिर उस पुरुषके दृष्टिगोचर नहीं होगी, अर्थात् विवेकज्ञानके प्रतिबन्धक होनेसे प्रकृतिकी उस पुरुषमें लज्जासे कुलाङ्गनाके समान प्रवृत्ति नहीं होती ऐसा मेरा मत है ॥ ६१ ॥

स्यादेतत्, पुरुषश्चेद्गुणोऽपरिणामी कथमस्य सुखदुःखादिरूपो बन्धः, अतो न मोक्षोऽपि, मोक्षस्य बन्धेन समानाधिकरणत्वात्, तस्मात् पुरुषविमोक्षार्थमिति रिक्तं वचः इतीमामाशङ्कामुपसंहारव्याजेनाभ्युपगच्छन्नपाकरोति—

तस्मान्न बध्यते नापि (१) मुच्यते नापि संसरति कश्चित् ।
संसरति बध्यते मुच्यते च नानाश्रया प्रकृतिः ॥ ६२ ॥

तस्मादिति । वस्तुतोऽसङ्गत्वादेव पुरुषो बन्धमोक्षादिरहितोऽस्ति ।

न निरोधो न चोत्पत्तिर्न बद्धो न च साधकः ।
न मुमुक्षुर्न वै मुक्त इत्येषा परमार्थता ॥

इति श्रुतेरिति भावः । कस्तर्हि बन्धादिमानित्यत आह संसरतीति । प्रकृतिरेव नानापुरुषाश्रया बुद्ध्यादिद्वारा तादृशी (२), तथा च बन्धादिकं बुद्धिनिष्ठमेव पुरुषे तत्संपर्कात् (३) तदगतमारोप्यन एव केवलं नतु तदप्यस्तीति भावः ॥६२॥

हिन्दी—प्रश्न—तब तो पुरुषके मोक्षके लिए प्रकृतिकी प्रवृत्ति होती है यह कहना असङ्गत हो जायगा, क्योंकि साङ्ख्यमतमें आत्माके निर्गुण तथा अपरिणामी होने से उसे सुख दुःखादिकोंसे बन्धन नहीं हो सकता तो उससे छुटकारा पाना भी असम्भव है, बन्धनसे छूटनेही को मोक्ष कहते हैं ?

उत्तर—जब कि आत्माको स्वाभाविक सुख दुःखादि नहीं है तब वस्तुतः वह न बंधता है, न छूटता है, न किसी पुरुषको संसार होता है, किन्तु अनेक पुरुषों के सहारेसे रहनेवाली प्रकृति ही बुद्धयादिकोंके द्वारा बन्धनादिकोको प्राप्त होती है, अर्थात् प्रकृतिके प्रथम परिणाम रूप बुद्धि ही में बन्धनादिक वस्तुतः रहते हुए भी उसके सम्बन्धसे आत्मामें आरोप किये जाते हैं, इसलिये भ्रमसे आत्मामें बन्धन तथा मुक्तिका व्यवहार होता है ॥ ६२ ॥

---

(१) 'द्धा न' इति पाठान्तरम् । वस्तुत इति तदर्थः । (२) संसरणादिमती । (३) बुद्धिगतम् ।

ननु पुरुषस्यापि प्रकृतिसम्पर्कादारोपितसुखदुःखादिकं बन्ध इत्युक्तम्, सा पुनः केन साधनेन बध्नाति मोचयति वा तदाह—

रूपैः सप्तभिरेव तु बध्नात्यात्मानमात्मना प्रकृतिः ।
सैव च पुरुषार्थं प्रति विमोचयत्येकरूपेण ॥ ६३ ॥

रूपैरिति । पुरुषार्थं भोगं प्रति, आत्मना=बुद्धिरूपेण, आत्मानं=पुरुषं रूपैः सप्तभिः=धर्मवैराग्यैश्वर्याधर्माज्ञानावैराग्यानैश्वर्यकैर्बध्नाति, पुरुषार्थं=स्वरूपावस्थानलक्षणं मोक्षं प्रति, एकेन रूपेण=ज्ञानेन, मोचयति=संसारान्निवर्तयति, एतेन वैराग्योपरत्याद्यभावेऽपि ज्ञानं मोक्षस्य कारणं भवत्येवेति ज्ञापितम्, उक्तं च तथा वेदान्तेषु—

पूर्णबाधे तदन्यौ द्वौ प्रतिबद्धौ यदा तदा ।
मोक्षो विनिश्चितः किन्तु दृष्टदुःखं न नश्यति ॥ इति ॥

द्वौ वैराग्योपरमौ, दृष्टदुःखं (१)यथोचितव्यवहारक्लेशः, तथा च विषयजिहासारूपवैराग्यस्य विषयदोषदर्शनजन्यस्य पुनर्भोगेष्वदीनतामात्रं फलं नतु मोक्षोऽपि, एवं धीनिरोधरूपोपरमस्यापि यमादिसाध्यस्य द्वैतादर्शनमेव फलं न मोक्षः, श्रुतिषु (२) ज्ञानैकलभ्यत्वकथनादित्यास्तां विस्तरः ॥ ६३ ॥

हिंदी—प्रश्न—यदि साङ्ख्यमतमें आत्माको प्रकृतिके सम्बन्धसे संसार-बन्धन इत्यादिक होते हैं तो प्रकृतिको किस कारण होते हैं ?

उत्तर—वह प्रकृति आत्माके भोग रूप कार्यके लिये बुद्धिरूप परिणामसे आत्माको धर्म-वैराग्य-ऐश्वर्य-अधर्म-अज्ञान-अवैराग्य-अनैश्वर्य-नामके पूर्वोक्त सात भावोंसे बन्धन करती है, और मोक्षरूप कार्यके लिये ज्ञानरूप एकभावसे आत्माको संसारसे छुड़ा देती है, इससे यह सिद्ध होता है कि वैराग्यादिकोंके न रहते भी ज्ञानसे मुक्ति होती है और वैराग्यादिकोंसे प्रकृतिमें लय मात्र होता है ॥ ६३ ॥

भवतु ज्ञानादेव कैवल्यं तदेव तु कस्मात् किमाकारं च, तदाह—

एवं तत्त्वाभ्यासान्नास्मि न मे नाहमित्यपरिशेषम् ।

---

(१) प्रारब्धदुःखभोग इत्यर्थः । (२) तमेव विदित्वाऽतिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनायेत्यादिश्रुतिष्वित्यर्थः ।

अविपर्ययाद्विशुद्धं केवलमुत्पद्यते ज्ञानम् ॥ ६४ ॥

एवमिति । उक्तप्रकारपुरुषगोचराभ्यासात् पुनः पुनश्चिन्तनरूपान्निदिध्यासनादेव केवलं पुरुषमात्रगोचरं ज्ञानं साक्षात्कार उत्पद्यत इत्यर्थः, एतेन निदिध्यासनसहकृतेन मनसैवात्मगोचरनिर्विकल्पकसाक्षात्कारो भवति न श्रुतानुमानाभ्याम्, तयोस्तत्रासामर्थ्यादिति बोधितम्, यथाह समानतन्त्रे भगवान् पतञ्जलिः 'ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा श्रुतानुमानप्रज्ञाभ्यामन्यविषया विशेषार्थत्वा'—दिति । आकारमाह नास्मीत्यादिना । 'अस्मी'त्यस्य न कर्तास्मीत्यर्थः, तेन बुद्धिभिन्नोऽहमिति प्राप्तम्, 'न मे' दुःखमिति शेषः, तेन दुःखाद्यारोपाभावो लब्धः, 'नाहमि'त्यनेनाहङ्कारभेदग्रहः (१) । नास्ति परिशेषो यस्मादित्यपरिशेषं = चरमम् 'तस्य सप्तधा प्रान्तभूमौ प्रज्ञे'त्यादिना योगसूत्रेणोक्तम् । अविपर्ययात् = व्यधिकरणप्रकाराभावात् (२) विशुद्धं = प्रमात्मकं मिथ्याज्ञानवासनोन्मूलनक्षमम्, एवंविध एकात्मसाक्षात्कारस्तत्त्वज्ञानपदेनोच्यत इति भावः ॥ ६४ ॥

हिंदी—प्रश्न—ज्ञान ही से मुक्ति हो, पर वह ज्ञान किस साधनसे होता है तथा उसका क्या आकार है ?

उत्तर—उक्त प्रकारसे साङ्ख्यशास्त्रमें कहे हुए पञ्चविंशति तत्त्वोंके ज्ञानके बार-बार चिन्तनरूप निदिध्यासनरूप अभ्याससे शुद्ध आत्मविषयक प्रत्यक्षात्मक कैवल्यनामक ज्ञान पैदा होता है, अर्थात् निदिध्यासनकी सहायतासे मन ही से आत्माका निर्विकल्पक प्रत्यक्ष होता है न कि अनुमान अथवा आगमसे । जिसका आकार है—'नास्मि' मैं कर्ता नहीं हूं, अर्थात् मेरी आत्मा बुद्धिके कर्तृत्व धर्म से शून्य है, तथा 'न मे' मेरेमें दुःखादि धर्म नहीं हैं, और 'नाहम्' मेरेमें अहङ्कार भी वास्तविक नहीं है अथवा 'नास्मि' इससे मेरेमें कोई क्रिया (व्यापार) नहीं है, क्रियाके न होनेसे नाहम् मेरा कहीं भी कर्तृत्व नहीं है, और इसीलिए 'न मे' मेरी कहीं स्वामिता—[प्रभुत्व] नहीं है । इस आकारका अपरिशेषं—जिस ज्ञानके बाद और कुछ जानना बाकी नहीं रहता, अर्थात् अन्तिम, तथा अविपर्ययात्—

---

(१) लब्ध इति पूर्वेणान्वयः । (२) तत्त्वविषयत्वादित्यर्थः, प्रकृत्यादितत्त्वज्ञानस्य प्रकृतित्वमहत्तत्त्वपुरुषत्वादितत्तद्धर्मप्रकारेण तत्तद्धर्मिविषयकत्वात् तद्धर्मवति तद्धर्मप्रकारकज्ञानत्वात्तद्धर्माभाववति तद्धर्मप्रकारकज्ञानत्वाभावात्संशयविपर्यासरहितत्वाद्विशुद्धमित्यर्थः । अत एवाह प्रमात्मकमिति ।

संशय और मिथ्याज्ञान रूप ज्ञानके मैलेके दूर हो जानेसे, विशुद्ध—निर्मल अर्थात् मिथ्याज्ञानकी वासनाको हटानेमें समर्थ मुक्तिको देनेवाला कैवल्यज्ञान पैदा होता है ॥ ६४ ॥

तत्त्वज्ञानानन्तरं पुरुषः किं करोति (१) तदाह—

तेन निवृत्तप्रसवामर्थवशात् सप्तरूपविनिवृत्ताम् ।

प्रकृतिं पश्यति पुरुषः प्रेक्षकवदवस्थितः स्वस्थः ॥ ६५ ॥

तेनेति । तेन पूर्वोक्तेन ज्ञानेन, निवृत्तप्रसवाम्—प्रसवा भोगभेदसाक्षात्कारादयः, तेषां जनितत्वान्निवृत्तप्रसवां (२), प्रकृतिं पश्यति पुरुषः प्रेक्षकवदवस्थितः स्वस्थः यथा कश्चित् प्रेक्षको रङ्गस्थो गीतनृत्यादिषु वर्तमानां नर्तकीं स्वस्थो निर्विकल्पो निराकुलः पश्यति, एवं पुरुषोऽपि तासु तासु योन्यावस्थासु वर्तमानां प्रकृतिं पश्यति, इयं प्रकृतिः स्वगुणैः पुरुषान् बध्नाति मोचयति च ॥६५॥

हिंदी—और इस कैवल्य ज्ञानसे भोगापवर्गरूप कार्यको पैदा करनेसे निवृत्त—अर्थात् हट गई, तथा प्रकृति—पुरुषविवेक ज्ञानरूप तत्त्वज्ञानके सामर्थ्यसे धर्माधर्म इत्यादि सात भावरूप धर्मोंसे शून्य प्रकृतिको दर्शकके समान बैठा हुआ स्वरूप स्थित आत्मा शरीरके रहनेसे होनेवाली केवल सात्त्विक बुद्धिके बलसे देखता है, अर्थात् भेद—ज्ञानरूप तत्त्वज्ञान अभेदज्ञानरूप मिथ्याज्ञानका नाश होनेके कारण मिथ्याज्ञानरूप कारणके न रहनेसे धर्माधर्मादि कार्योंसे रहित प्रकृतिको पुरुष देख लेता है ॥ ६५ ॥

ननु नित्ययोः प्रकृतिपुरुषयोः संयोगसत्त्वात् (३) कथं तस्याः प्रसवनिवृत्तिस्तत्राह—

दृष्टा मयेत्युपेक्षक एको दृष्टाऽहमित्युपरमत्यन्या ।

सति संयोगेऽपि तयोः प्रयोजनं नास्ति सर्गस्य ॥ ६६ ॥

---

(१) किम्पुनरीदृशेन तत्त्वसाक्षात्कारेण सिध्यतीत्यत आहेति मिश्राः । (२) कृतभोगभेदसाक्षात्काराम् । अत एवार्थवशाद्विवेकख्यातिसामर्थ्यादविद्याकार्यधर्मादिसप्तरूपरहितामित्यप्यत्र योजनीयम् । (३) भोक्तृत्वभोग्यत्वयोग्यतालक्षणसत्त्वादित्यर्थः, तथा चैतयोर्निवृत्त्यभावात्कथं प्रसव निवृत्तिरिति शङ्कार्थः ।

दृष्टा मयेति। तयोः संयोगेऽपि सर्गस्य जनने प्रयोजनं प्रयुज्येतेऽनेनेति व्युत्पत्त्या सहकारिकारणं नास्तीति, तयोर्मध्ये अन्या प्रकृतिः (१) उपरमति न प्रसूत इत्यन्वयः। (२) तत् कथं नास्ति तदाह—दृष्टा मयेति। तयोर्मध्ये एकः पुरुषःस्वभिन्नेयं स्वसंपर्काद्बध्नातीत्येवंगुणा प्रकृतिर्मया दृष्टेत्युपेक्षको भवत्युपरमते तद्भोगाद्यावेशरहितो भवति, यथा नर्तकीं दृष्ट्वा सभ्यः, तथा च प्रसवे पुरुषस्य प्रकृतिभेदाग्रहः सहकारी दर्शने सति तु स(३)नास्तीति भावः॥ ६६॥

हिन्दी—प्रश्न—पुरुष तथा प्रकृतिके नित्य होनेके कारण उन दोनोंके संयोगका नाश न होनेसे प्रकृति अपने कार्यौंको क्यों नहीं पैदा करेगी ?

उत्तर—उन दोनोंमें से एक आत्मा—मेरेसे भिन्न तथा अपने सम्बन्धसे पुरुषको बांधनेवाली प्रकृतिको—मैंने देख लिया ऐसा समझकर उससे हट जाता है, अर्थात् उसके भोग सम्बन्ध से दूर हो जाता है, और प्रकृति भी मुझे इस आत्माने जान लिया ऐसा समझ कर उससे हट जाती है इसलिये पूर्वोक्त योग्यताऽऽत्मक दोनोंके संयोगके रहनेपर भी उस आत्माके सम्बन्धसे प्रकृतिके कार्य नहीं पैदा होते॥६६॥

ननु—

भिद्यते हृदयग्रन्थिः छिद्यन्ते सर्वसंशयाः। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे॥

इत्यादिश्रुत्या तत्त्वाज्ञानानन्तरमेव मोक्षे सर्वकर्मक्षयेण देहाद्यभावसूचनात् कथं प्रकृतिदर्शनं, ज्ञाने देहस्य हेतुत्वात्, तत्राह—

सम्यग्ज्ञानाधिगमाद् धर्मादीनामकारणप्राप्तौ।
तिष्ठति संस्कारवशाच्चक्रभ्रमिवद् धृतशरीरः॥ ६७॥

सम्यगिति। सम्यग्ज्ञानं मिथ्याज्ञानोच्छेदक्षमं ज्ञानम्, तदधिगमात् तदुत्पत्तेर्धर्मादीनां (४)देहारम्भकान्यधर्मादीनां संचितक्रियमाणानां दग्धबीजभावानाम्, अकारणं स्वाश्रये स्वफलोत्पादनासामर्थ्यम् तस्योक्तप्रमाणाद्विवक्षितविवेकेन (५) प्राप्तौ, संस्कारो देहारम्भकादृष्टम् तद्वशात्धृतशरीरस्तिष्ठति, यथा

---

(१) अहं दृष्टेत्यत्र पूरणीयम्। (२) प्रयोजनम्। अन्ये तु एकः पुरुषो मया प्रकृतिर्दृष्टेत्युपेक्षते, अन्या प्रकृतिश्च मया पुरुषो दृष्ट इति उपरमते, इत्यर्थं इत्याहुः। (३) प्रकृतिपुरुषभेदाग्रहः। (४) धर्माधर्मादिसप्तभावानामित्यर्थः। देहारम्भकान्यधर्माणाम्=प्रारब्धातिरिक्तवृत्तीनाम्। (५) सत्त्वपुरुषान्यताख्यात्यात्मकविवेकसाक्षात्कारेण।

कुलालव्यापारविगमेऽपि वेगवशाच्चक्रभ्रमिस्तिष्ठति, (१) प्रारब्धस्य भोगैकनाश्यत्वात्, अत एव 'तस्य तावदेव चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ संपत्स्य' इत्युक्तं श्रुतौ, 'भोगेन त्वितरे क्षपयित्वे' ति वेदान्तेषु भगवता व्यासेन च, तथा च 'तत्त्वज्ञाने सति कर्मक्षय' इत्यस्य प्रथमं तत्त्वज्ञानप्रागभावस्य नष्टत्वाद् फलानुत्पादमात्रमर्थो न देहाद्यभावोऽपीति संक्षेपः ॥ ६७ ॥

हिन्दी—प्रश्न—'भिद्यते हृदयग्रन्थिः' इत्यादि श्रुतिसे तत्त्वज्ञानके वाद ही यदि मुक्ति होती हो तो सारे कर्मों के नष्ट होनेसे शरीरादिकोंके न होनेके कारण आत्माको पूर्वोक्त प्रकृति दर्शन कैसे हो सकता है, क्योंकि ज्ञानमें शरीरादिक कारण होते हैं ?

उत्तर—मिथ्याज्ञान को नष्ट करनेमें समर्थ तत्त्वज्ञानके पैदा होनेसे प्रारब्ध कर्मोंसे भिन्न सञ्चित धर्माधर्म रूप कर्मोंके जले वीजके समान जल जानेके कारण अपने सुखदुःखादि फलोंको पैदा करनेका सामर्थ्य न होनेसे प्रारब्ध शरीरके पैदा करनेवाले अदृष्टके संस्कारसे प्रारब्ध शरीरके भोगके समाप्त होने तक (१) ज्ञानीका शरीर कुम्हारके चक्रके चलानेको छोड़ने पर भी जैसा वह वेगसे कुछ देर तक घूमा करता है, वैसे ज्ञानीका शरीर भी रहता है, अर्थात् तत्त्वज्ञान होने पर कर्मोंका नाश होता है इसका तत्त्वज्ञानके प्रागभावके नष्ट होने से फल पैदा नहीं होता यह अर्थ है न कि प्रारब्ध शरीरादियोंका नाश होना ॥ ६७ ॥

ननु यद्युत्पन्नतत्त्वज्ञानोऽपि तिष्ठति कदा तर्हि मोक्षं गच्छति, तत्राह—

प्राप्ते शरीरभेदे चरितार्थत्वात् प्रधानविनिवृत्तौ ।
ऐकान्तिकमात्यन्तिकमुभयं कैवल्यमाप्नोति ॥ ६८ ॥

प्राप्त इति । भोगेन प्रारब्धक्षयतः शरीरस्य भेदो विनाशस्तस्मिन् प्राप्ते सति, चरितार्थत्वाद् = बुद्धितत्त्वादिद्वारा कृतभोगापवर्गलक्षणप्रयोजनकत्वात्, प्रधानस्य पुरुषं प्रति विनिवृत्तौ = संयोगाभावलक्षणलये (२) उभयम् = उभयगुणकं, कैवल्यं = दुःखविनाशं प्राप्नोति । द्वयं किं तदाह ऐकान्तिकम् =

---

(१) क्योंकि प्रारब्ध कर्मोंका भोग ही से नाश होता है ।

---

(१) ननु तत्त्वज्ञानानन्तरं मुक्तेरावश्यकत्वात्कथं देहस्थितिरत आह प्रारब्धस्येति । (२) शरीरलये इत्यर्थः ।

अवश्यभावि, आत्यन्तिकं=पुनर्दुःखजातीयानुत्पत्तिविशिष्टम् , एतद्विशेषणकत्वात् कैवल्यमुभयम् । उत्पन्नात्मसाक्षात्कारवान् पुरुषः प्रक्षीणाशेषकल्मषो भोगेन प्रारब्धक्षये सत्यवश्यमात्यन्तिकदुःखविनाशं प्राप्नोतीति समुदायार्थः ।।६८।।

हिन्दी—प्रश्न—यदि तत्वज्ञान होनेपर भी ज्ञानी रहता है तो उसे मुक्ति कैसे प्राप्त होती है ?

उत्तर—भोगसे प्रारब्ध कर्मोंका नाश होने पर शरीरका नाश होनेसे बुद्धि तत्त्वादि द्वारा जिसने भोग तथा अपवर्गरूप कार्य किया है ऐसे प्रकृतिके ज्ञानी आत्मासे हटने पर (अर्थात् संयोगाभावरूप लय होने पर) अवश्य होने वाले तथा जिसमें फिर दूसरा दुःख नहीं पैदा होता ऐसे दो प्रकारके कैवल्यको आत्मा प्राप्त करता है, अर्थात् प्रकृति तथा पुरुषके भेदज्ञानको प्रत्यक्ष देखने वाली आत्मा सारे दोषोंके क्षीण होनेसे भोगके द्वारा प्रारब्ध कर्मका क्षय होते ही उसके ऐकान्तिक तथा आत्यन्तिक दुःखोंका नाश अवश्य हो जाता है, इस प्रकार ज्ञानी को मुक्ति होती है ।। ६८ ।।

प्रेक्षावद्विश्वासार्थमाह—

पुरुषार्थं ज्ञानमिदं गुह्यं परमर्षिणा समाख्यातम् ।
स्थित्युत्पत्तिप्रलयाश्चिन्त्यन्ते यत्र (१) भूतानाम् ।।६९।।

पुरुषार्थमिति । पुरुषस्यार्थः प्रयोजनं मोक्षाख्यं यस्मात्, तादृशं ज्ञानं गुह्यं =बहूनां दुरवबोधं, परमर्षिणा =कपिलेन कथितम् । यत्रेति निमित्तसप्तमी (२) यज्ज्ञाननिमित्तमित्यर्थः ।। ६९ ।।

हिंदी—हे शिष्यो ! इस प्रकारसे मुझसे कहा हुआ तथा मुक्तिको देनेवाला यह सांख्य शास्त्रका ज्ञान जिसे मन्दबुद्धियोंको जानना कठिन है महर्षि कपिल मुनिसे वर्णित होनेके कारण प्रामाणिक है, इसलिये तुम विश्वास करो, जिस ज्ञानके लिये ही शास्त्रोंमें प्राणिमात्रकी उत्पत्ति तथा प्रलयका वर्णन किया गया है ।।६९।।

एतद् भगवता(३) यत् तत्त्वज्ञानमुक्तं तस्य कुत आगम (४)स्तत्राह—

---

(१) ज्ञाने । (२) चर्मणि द्वीपिनं हन्तीतिवत् । (३) कपिलेन ।
(४) अद्य यावदुपलब्धिः ।

एतत् पवित्रमग्र्यं मुनिरासुरयेऽनुकम्पया प्रददौ ।
आसुरिरपि पञ्चशिखाय तेन च बहुधा कृतं तन्त्रम् ॥७०॥

एतदिति । पवित्रं = पावनं सर्वपापनाशकत्वात्, अग्र्यं = सर्वेभ्यः पवित्रेभ्यो मुख्यम् । मुनिः = कपिलः, आसुरये अनुकम्पया प्रददौ = कथितवान्, स पुनः पञ्चशिखाय व्याख्यातवान्, तेन बहुधा शिष्योपदेशद्वारा प्रकाशितमित्यर्थः ॥७०॥

हिन्दी—प्रश्न—कपिल मुनिसे कहा हुआ यह सांख्य शास्त्रका रहस्य ईश्वरकृष्णने कैसे जाना ?

उत्तर—सब पापोंके नाशक होनेसे पवित्र, तथा सब पवित्रोंमें श्रेष्ठ इस सांख्य शास्त्रके ज्ञानका कपिल महर्षिने अपने शिष्य आसुरि मुनिको, तथा उन्होंने अपने शिष्य पञ्चशिखाचार्य को बड़ी दयासे उपदेश दिया और पञ्चशिखाचार्यने इस शास्त्रका शिष्यपरम्परा द्वारा संसारमें बहुत प्रचार किया ।७०।

ईश्वरकृष्णेन किं ततः साक्षात् प्राप्तं ? तत्राह—

शिष्यपरम्परयाऽऽगतमीश्वरकृष्णेन चैतदार्याभिः ।
संक्षिप्तमार्यमतिना सम्यग् विज्ञाय सिद्धान्तम् (१) ॥७१॥

शिष्यपरंपरयेति । आर्याख्यं छन्दोविशेषस्तद्विशिष्टं पद्यमप्यार्येत्युच्यते, अत उक्तमार्याभिरिति (२) किं कृत्वा ? सम्यगध्ययनभावनाभ्यां सिद्धान्तं विज्ञाय ॥

हिन्दी—प्रश्न—तो क्या ईश्वरकृष्णने भी पञ्चशिखाचार्यसे ही यह सांख्य-ज्ञान प्राप्त किया ?

उत्तर—पञ्चशिखाचार्यके शिष्य-परम्परासे इसे प्राप्त कर ज्ञानी पण्डित ईश्वर कृष्णने भी उस सांख्यशास्त्र का अच्छी तरह अध्ययन तथा अभ्याससे सिद्धान्त जान कर उसे आर्या छन्दमें बनाकर अपने शिष्योंको पढ़ाया ॥ ७१ ॥

एतच्च शास्त्रार्थसूचनाच्छास्त्रं न तु प्रकरणमित्याह—

सप्तत्यां किल येऽर्थास्तेऽर्थाः कृत्स्नस्य षष्टितन्त्रस्य ।

---

(१) राद्धान्तम् इति पाठान्तरम् । (२) संक्षिप्तमित्यनेनान्वयः संक्षेपेणोक्तमित्यर्थः ।

आख्यायिकाविरहिताः परवादविवर्जिताश्चापि ॥ ७२ ॥

इति सांख्यकारिकाग्रन्थः समाप्तः ॥ शुभम् ॥

सप्तत्यामिति। षष्ठितन्त्रस्य = पुरुषप्रकृत्यादिषष्ठिपदार्थव्युत्पादकतन्त्रस्य, येऽर्था किल सप्तत्यां = कारिकासप्ततयां कथिताः, किंभूताः ? आख्यायिका-विरहिताः = कथातद्धटितदृष्टान्तादिरहिताः, तथा परवादविर्वाजिताश्च, षड्-दर्शनोत्थापनरहिताश्चेत्यर्थः तत्र यथा कपिलोक्तषडध्याय्यां चतुर्थाऽध्याये आख्या-यिका पञ्चमे परवादः, तथात्र न वर्तत इति भावः।

षष्ठिपदार्था गणिता ग्रन्थान्तरे यथा।
पुरुषः प्रकृतिर्बुद्धिरहंकारो गुणास्त्रयः ॥
तन्मात्रमिन्द्रियं भूतं मौलिकार्थाः स्मृता दश।
विपर्ययः पञ्चविधस्तथोक्ता नव तुष्टयः ॥
करणानामसामर्थ्यमष्टाविंशतिधा मतम्।
इति षष्टिः पदार्थानामष्टाभिः सह सिद्धिभिः ॥ इति।

तथा चात्रैतत्षष्टिपदार्थविवेचनान्नेदं प्रकरणं किन्तु (१) तन्त्रमेवेति सिद्धम् ॥

इति श्रीरामगोविन्दतीर्थशिष्यनारायणतीर्थकृता सांख्यचन्द्रिका सम्पूर्णतामगमत् ॥ शुभमस्तु ॥

इन सत्तर आर्याओंमें जो सांख्यशास्त्रके विषय लिखे हैं वे ही साठ प्रकारके सांख्य (१) शास्त्रके पदार्थोंके सम्पूर्ण विषय हैं इसलिए यह भी शास्त्र है नकि एक प्रकरण, पर इनमें सारे छ अध्यायोंमें लिखे गये सांख्यदर्शन सूत्रोंके समान कहानियां तथा अन्य दर्शनोंकी बातें नहीं लिखी गई हैं ॥ ७२ ॥

इति सांख्यकारिका भाषानुवादः।

---

(१) शास्त्रमित्यर्थः।

---

(१) साठ पदार्थ इस प्रकार हैं—१ पुरुष, २ प्रकृति, ३ बुद्धि, ४ अहङ्कार, ५–७ तीन गुण, ८ पञ्च तन्मात्रा, ९ इन्द्रिय, १० पञ्चमहाभूत (ये दश मौलिक पदार्थ हैं) ११–१५ पांच प्रकारके विपर्यय, १६–२४ नौ प्रकारकी तुष्टि, २५-५२ अट्ठाइस प्रकारकी अशक्ति, तथा ५३-६० आठ प्रकारकी सिद्धि।

नेपाल-माहात्म्यम्

सपरिशिष्ट 'पार्वती' हिन्दी व्याख्या सहित

व्याख्याकार—पं० केदारनाथ शर्मा

प्राक्कथन—पण्डितराज राजेश्वरशास्त्री द्राविड़

आप जानते ही हैं कि राजा दिवोदास के राज्य के कुछ समय तक नेपालतीर्थ में देवता, साक्षात् रहते थे। ततः उन दिवोदास की प्रार्थना पर देवगण वहां अदृश्य रूप से निवास करने लगे। ऐसे नेपाल तीर्थ के समस्त देवमन्दिरों का—जैसे—गुह्येश्वरीदेवी, पशुपतिनाथ, चंगनारायण, तिल-माधव, सूर्यविनायक प्रभृति का वर्णन, वाङ्मती, रोषमती, गण्डकी, नारायणी नदी आदि का वर्णन, दौलागिरि, मृगेन्द्रवन आदि का सविस्तर वर्णन है।

परिशिष्ट में काठमाण्डू (नेपाल) से ४० मील दूर गुसाईंथान पर पातालगङ्गा से उत्पन्न बाणलिङ्ग का वर्णन, भीष्म-अर्जुन संवाद, भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा वहां के बाणलिङ्ग का चिह्न निर्धारण प्रभृति। यह परिशिष्ट १८ पुराण तथा वीरमित्रोदय, मेरुतन्त्र एवं कश्यपादि संहिता को मनन करके तथा भारत और नेपाल के विद्वानों, मठाधीशों, प्रतिष्ठित देवपूजकों की सेवा करके तथा उनसे वास्तविकता ज्ञात करके लिखा गया है।

यह ग्रन्थ सत्य, रोचक कथाओं से पूर्ण है। इसकी हिन्दी व्याख्या आजतक नहीं छपी थी। नेपालतीर्थ विषयक ऐसी पुस्तक आजतक अलभ्य थी। १३–००

कार्तिकमाहात्म्यम्

'शंकरी' हिन्दी व्याख्या, व्रतोद्यापन सहित

संपादक—पं० रामचन्द्र झा

पद्मपुराणोक्त कार्तिकमाहात्म्य ही लोक में बहु प्रसिद्ध है। पौराणिक विद्वान् इसी का पारायण करते हैं। अभी तक इसका विशुद्ध मूल संस्करण देखने को नहीं मिलता था। गवेषक विद्वान् संपादक ने प्राचीनतम पद्मपुराण के आधार पर सर्वप्रथम इस संस्करण के मूल पाठ को पदच्छेदपूर्वक सुवाच्य तथा शुद्ध कर दिया है। इसकी हिन्दी व्याख्या भी मूल के अनुरूप ही शुद्ध और सरल सुबोध शब्दों में लिखी गयी है। साथ में सांगोपांग 'कार्तिकव्रतोद्यापन पद्धति' होने से यह सटीक संस्करण सर्वोपरि सरल, सुबोध, सुवाच्य और विशुद्ध है। शीघ्र